राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
(मध्यप्रदेश का तकनीकी विश्वविद्यालय)
Rajiv Gandhi Proudyogiki Vishwavidyalaya
(State Technological University of Madhya Pradesh)

**Prof. Alok Sharma**
Vice Chancellor

Letter No. R.G.P.V/VC/2026/162

Date 23/08/2026.

## शुभकामना संदेश

**राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय** की वैधानिक स्थापना, वर्ष 1998 में मध्यप्रदेश विधानसभा द्वारा हुई। विश्वविद्यालय की संस्थागत विकास यात्रा में 23 अगस्त 1999 का विशेष ऐतिहासिक महत्व है, जब विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति ने कार्यभार ग्रहण किया तथा विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों को औपचारिक गति मिली।

इस गौरवपूर्ण अवसर पर मैं विश्वविद्यालय परिवार के समस्त शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, पूर्व विद्यार्थियों तथा विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त संस्थानों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ।

विश्वविद्यालय ने अपनी विकास यात्रा में तकनीकी शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार एवं विद्यार्थियों के समग्र विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आज का अवसर हमारी उपलब्धियों के स्मरण के साथ भविष्य के लिए नए संकल्प लेने का भी अवसर है।

आइए, हम सभी मिलकर शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुसंधान एवं नवाचार, पारदर्शिता, तकनीकी प्रगति तथा विद्यार्थी-केंद्रित विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए RGPV को राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर और अधिक प्रतिष्ठित एवं उत्कृष्ट विश्वविद्यालय बनाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करें।

**विश्वविद्यालय स्थापना दिवस** के इस गौरवपूर्ण अवसर पर आप सभी को हार्दिक बधाई एवं विश्वविद्यालय के उज्ज्वल भविष्य के लिए अनंत शुभकामनाएँ।

(प्रो. आलोक शर्मा)
कुलपति